NBT PAGE 4

एलयू में छात्राएं होंगी टॉप-10 मेडलवीर

एलयू के दीक्षांत समारोह में मेधावियों को मिलेंगे 188 मेडल

■ एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ विवि का दीक्षांत समारोह 21 जनवरी को होगा। इसमें करीब 43 हजार स्टूडेंट्स को डिग्री मिलेगी तो 188 मेडल दिए जाएंगे। विवि की एक्जीक्यूटिव काउंसिल ने पदक पाने वाले सभी छात्र-छात्राओं के नाम पर रविवार को मुहर लगा दी। इसके मुताबिक, सबसे ज्यादा 10 मेडल एमए-होमसाइंस की छात्रा आकांक्षा वर्मा को मिलेंगे। यही नहीं, सबसे ज्यादा पदक पाने वाले टॉप-10 में सभी छात्राएं हैं।

विवि की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक, सबसे तीन अहम मेडल में दो मेडल लॉ विभाग के स्टूडेंट्स को मिलेंगे। चांसलर गोल्ड मेडल एलएलबी ऑनर्स की छात्रा राजश्री लक्ष्मी को दिया जाएगा को डॉ. चक्रवर्ती मेडल फॉर सर्विस, लॉ से पीएचडी करने वाले उग्रसेन वर्मा को मिलेगा। वहीं, वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) बीए ऑनर्स-अर्थशास्त्र के छात्र ऋतिक कुमार सिंह को दिया जाएगा। पिछली बार भी लॉ विभाग के स्टूडेंट्स ने दो अहम मेडल अपने नाम किए थे।

डिजिलॉकर में अपलोड होगी डिग्री

इस दीक्षांत समारोह में मिलने वाली डिग्री स्टूडेंट्स अपने डिजिलॉकर में भी हासिल कर सकेंगे। इसके लिए विवि प्रशासन को ओर से तैयारी की जा रही है। वहीं, दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पद्म विभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री से सम्मानित के कस्तूरीरंगन होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेश उपाध्याय शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी।

कुलपति ने न्यू कैंपस का लिया जायजा

एलयू कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय रविवार को न्यू कैंपस पहुंचे। उन्होंने 21 जनवरी को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारी का जायजा लिया। इसके बाद जिम्मेदारों को समय से काम पूरा करवाने के निर्देश दिए।

एलयू वीसी ने समारोह की तैयारी के लिए न्यू कैंपस का जायजा लिया।

राजश्री लक्ष्मी को चांसलर गोल्ड मेडल तो उग्रसेन वर्मा को मिलेगा डॉ. चक्रवर्ती मेडल

इन्हें मिलेंगे सबसे ज्यादा मेडल

स्टूडेंट	पदक
आकांक्षा वर्मा, एमए	10 मेडल
अमृता श्रीवास्तव	9 मेडल
प्रियंवदा शुक्ला	8 मेडल
निधि तिवारी	7 मेडल
प्रज्ञा यादव, एमएससी	6 मेडल
दीपाली तिवारी	4 मेडल
प्रिया सिंह, हिंदी	4 मेडल
रोली यादव	4 मेडल
उन्विशा सागर पाण्डेय	4 मेडल
यशी नेगी	4 मेडल

ये सबसे आगे...

राजश्री लक्ष्मी, चांसलर मेडल

न्यू कैम्पस के फैकल्टी ऑफ लॉ से एलएलबी ऑनर्स (साल 2017-22) किया है। फिलहाल जजेस एडवोकेट जनरल की प्रिपरेशन कर रही हूं। मुझे एलएलबी ऑनर्स में 75 फीसदी अंक मिले हैं। इसके अलावा साल 2017 में एनसीसी को रिप्रेजेंट किया था। कोर्स के दौरान तीन साल न्यू कैम्पस कल्चर व स्पोर्ट्स कमिटी की हेड और एक साल मैनेजमेंट हेड भी रही।

उग्रसेन वर्मा, चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस

एलयू से 24 दिसंबर 2022 को लॉ में पीएचडी पूरी की। 2010 से एलयू कल्चर स्पोर्ट्स कमिटी के अध्यक्ष रहा। न्यू कैम्पस की कार्यसमिति का अध्यक्ष और छात्र प्रतिनिधि भी रहा। न्यू कैम्पस में स्पोर्ट्स व जिम्नेजियम सेंटर बीते साल खोलने में सहयोग किया है। 100 से अधिक इवेंट कराए हैं। गरीब बच्चों को फ्री एजुकेशन देते रहे हैं। एनसीसी में 2013 में गोल्ड मेडल मिला है।

ऋतिक कुमार सिंह, वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) 2022

ऋतिक इकॉनमिक्स ऑनर्स 5 सेमेस्टर के छात्र हैं। एनसीसी में सी सर्टिफिकेट का फाइनल इयर है। कई सामाजिक काम किए। जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, ब्लड डोनेशन, कठौता की सफाई, स्वच्छ भारत अभियान, एलयू में फूड फेस्टिवल करवाया। कव्वरल व फोक डांस को लेकर कई कार्यक्रम किए हैं। पिता भूपेंद्र सिंह की तरह आर्मी ऑफिसर बनना है।

आकांक्षा वर्मा, एमए, 10 मेडल

लाला महाइद्देव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय गोसाईंगंज से होमसाइंस में एमए किया है। 90 फीसदी अंक हासिल करने वाली छात्रा आकांक्षा कहती हैं कि टाइम मैनेजमेंट, रेगुलर क्लासेस को सफलता का मूलमंत्र मानती हूं। फिलहाल नेट क्वालिफाई किया है, कॉलेज से बीएड भी कर रही हूं। आगे टीचिंग के साथ रिसर्च सेक्टर में जाने का इरादा है।

अमृता श्रीवास्तव एमए, एआईएच, 9 मेडल

एमए एथिएट इंडियन हिस्ट्री एंड आर्किऑलजी में 88.4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। मेरी मां कंचन श्रीवास्तव ने बहुत सपोर्ट किया था। साल 2018 में देहांत हो गया था, मेडल उन्हें ही समर्पित करूंगी। रोज 6-8 घंटे पढ़ाई की और नोट्स पर फोकस किया। नेट क्वालिफाई हो चुका है, आगे जेआरएफ की तैयारी है। इसके बाद सिविल सर्विसेज में जाने का इरादा है।

निधि तिवारी, 7 मेडल

सरोजिनीनगर निवासी निधि ने श्री जयनारायण पीजी कॉलेज से इस साल फिजिक्स से एमएससी किया है। कॉलेज के नोट्स रोज पढ़े। पढ़ाई में निरंतरता रखने से ही 90 फीसदी सफलता मिल जाती है। मेरे 89.09 फीसदी अंक हैं। ग्रेजुएशन में भी कॉलेज की तरफ से कई पदक मिल चुके हैं। सीएसआईआर नेट की तैयारी कर रही हूं। पीएचडी करने के बाद प्रोफेसर या रिसर्च करूंगी।

प्रज्ञा यादव, एमएससी, 6 मेडल

प्रज्ञा यादव ने ओल्ड कैम्पस से एमएससी गैब्स में 90.4 फीसदी अंक हासिल किए हैं। पिता विजय प्रताप यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं और मां नीरा यादव हाउसवाइफ हैं। वह कहती हैं कि मैं रेग्युलर कॉलेज गई। प्रोफेसर के नोट्स को फोकस किया। प्रॉपर नोट्स बनाने से ही सफलता मिली है। बीएससी में भी तीन मेडल मिले थे। इस समय सिविल सर्विसेस की तैयारी कर रही हूं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

राजश्री को चांसलर, उग्रसेन को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल

लविवि ने जारी की दीक्षांत के पदकों की प्रस्तावित सूची, ऋतिक को वाइस चांसलर स्वर्ण पदक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 21 जनवरी को दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले चांसलर, चक्रवर्ती व वाइस चांसलर गोल्ड मेडल की फाइनल और 185 मेडल की प्रस्तावित सूची रविवार को जारी कर दी। इस बार भी लॉ के विद्यार्थियों ने बाजी मारकर चांसलर व चक्रवर्ती गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है।

राजश्री लक्ष्मी को चांसलर गोल्ड मेडल व उग्रसेन वर्मा को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस के लिए चयनित किया गया है। वहीं बेस्ट एनसीसी कैडेट को दिए जाने वाले कुलपति गोल्ड मेडल ऋतिक कुमार सिंह को दिया जाएगा। एमए होम साइंस की आकांक्षा वर्मा को 10 और एमए एआईएच की अमृता श्रीवास्तव को नौ मेडल प्रस्तावित किए गए हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद विपाठी ने बताया कि पदकों की सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। यदि किसी छात्र-छात्रा को आपत्ति है तो वह 11 जनवरी तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रस्तावित सूची में सर्वाधिक 10 मेडल एमए की छात्रा आकांक्षा वर्मा को मिलेंगे। इनमें आठ गोल्ड और दो चांसलर सिल्वर मेडल शामिल हैं। वहीं, अमृता श्रीवास्तव को नौ, प्रियंवदा शुक्ला को आठ, निधि तिवारी को सात, प्रज्ञा यादव (एमएससी) को छह मेडल मिलेंगे।

आर्मी में एडवोकेट जनरल बनने का सपना

मेरे पापा राजीव कुमार आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। एनसीसी में सी सर्टिफिकेट पास कर पिछले साल एसएससी में इंटरव्यू दिया। मैं आर्मी में जजेज एडवोकेट जनरल (जैज) बनना चाहती हूं। महिलाओं व बच्चों के लिए भी बेहतर करना चाहती हूं। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने की जरूरत है। मूल रूप से बनारस की रहने वाली हूं और मिर्जापुर से इंजीनियर व इंटर कर लविवि में प्रवेश लिया। मां सुनीता सिंह गांव में एडवांस फार्मिंग करती हैं। **-राजश्री लक्ष्मी,** चांसलर गोल्ड मेडल, बीए एलएलबी

जज बनकर दिलाना है लोगों को न्याय

शुरुआत से ही सामाजिक कार्यों से जुड़ा रहा। लविवि की सोशेट्यी व कल्चरल कमेटी से जुड़ा हूं। मैं जज बनना चाहता हूं और लोगों को समय पर न्याय दिलाना चाहता हूं। गरीब बच्चों को पढ़ाता हूं। मैंने अंबेडकरनगर से इंजीनियर व इंटर के बाद लविवि से एलएलबी, एलएलएम, सर्टिफिकेट इन योगा के बाद हल ही में शोध किया है। पिता उजागिर वर्मा इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रहे, राष्ट्रपति पुरस्कार भी पाया है। मां अमायवती गृहिणी हैं। सफलता में उनका व पूरजनों का योगदान है। **-उग्रसेन वर्मा,** डॉ. चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस, एलएलबी ऑनर्स

आर्मी अफसर बनकर करूंगा देश की सेवा

पिता उपेंद्र सिंह आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। मैंने बचपन से उनको देखा और सेना को करीब से जाना। बहुत गरीब से ही एनसीसी जॉइन की। इस दौरान ही सेना में अधिकार बनकर देश सेवा का निर्णय लिया। एनसीसी ने मुझे लीडरशिप, टीम वर्क के बारे में बहुत कुछ सिखाया। पिछले साल त्रिपक्षिक के फ्रेंड में लखनऊ में शामिल हुआ था। इससे पहले रॉक क्लॉबिंग एंड ट्रेनिंग कैम में पिथौरागढ़ में भी शामिल हुआ था। मूलरूप से देवरिया का रहने वाला हूं और शुरुआती पढ़ाई वहीं से हुई है। मां बबली सिंह गृहिणी हैं।

-ऋतिक कुमार सिंह, वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (बेस्ट एनसीसी कैडेट)

शाश्वत और गरिमा को प्रथम स्थान

लखनऊ। लविवि विधि संकाय स्थित एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी के तत्वावधान में प्रथम वीएन शुक्ला लिटरेरी कॉम्पीशन के फाइनल राउंड डिबेट में प्रथम स्थान शाश्वत विमल व गरिमा सिंह को और द्वितीय स्थान अंचल वर्मा, देवेश यादव को मिला।

लविवि : वीएन शुक्ला लिटरेरी कॉम्पटीशन का परिणाम जारी

लीगल क्विज में प्रथम स्थान आदित्यवर्धन, द्वितीय वासुदेव सिंह, पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान हिमांशु सिंह व द्वितीय स्थान पूर्णिमा और आर्टिकल राइटिंग में प्रथम उत्कर्ष गुप्ता व द्वितीय विजेता गरिमा सिंह रहीं। वहीं प्रथम सेमेस्टर के प्रतिभागियों के लिए खास पुरस्कार का आयोजन किया गया। इसके विजेता लीगल क्विज में वेदांत पांडेय, अमन जयसवाल, आर्टिकल राइटिंग में अनन्य प्रताप सिंह, नीलांश पाठक, पोस्टर मेकिंग में गोल्डी गुप्ता, पावनी मिश्रा, आनंद कुमार शुक्ला डिबेट के विजेता रहे। कार्यक्रम के दौरान विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. बंशीधर सिंह व सोसायटी टीचर कोऑर्डिनेटर प्रो. डॉ. हरीश चंद्र राम भी मौजूद रहे और विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। सोसायटी प्रेसिडेंट तुषार पांडे ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को बधाई दी व अतिथियों को धन्यवाद प्रेषित कर आयोजन का समापन किया। इस अवसर पर सोसाइटी के कन्वेनर स्वराज शुक्ला व अन्य सदस्यगण भी मौके पर मौजूद रहे।

महिला छात्रावास का किया निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने रविवार को न्यू कैंपस स्थित महिला छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं ने सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने का सुझाव दिया। जिस पर उन्होंने अंबेडकर लॉ छात्रावास में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने को कहा। इसी के साथ टंडु से बचाव की व्यवस्था भी बेहतर करने केलिए कहा। (माई सिटी रिपोर्टर)

PIONEER PAGE 4

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू के 65 वें दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले पदकों की सूची जारी, चांसलर गोल्ड मेडल राजश्री लक्ष्मी को मिला

लखनऊ विश्वविद्यालय की आकांक्षा ने 10 और अमृता ने नौ पदक झटके

188 पदकों की प्रस्तावित फाइनल सूची जारी की गई तीन प्रमुख पदकों के साथ

11 जनवरी तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दर्ज करा सकेंगे आपत्तियां

लविवि कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने रविवार को दीक्षांत की तैयारी देखी।

निधि तिवारी (7 पदक, एमएससी फिजिक्स)

पिता बीरपाल सिंगर तिवारी मेडिकल्स इंडस्ट्रियल हैं और मां अलका तिवारी खाली हैं। पिता चाहते थे कि आईएस बनूं लेकिन मेरा रुझान विज्ञान के क्षेत्र में था। परवाली ने मेरा साथ दिया और इसी दिशा में आगे बढ़ना है। साबरी पहले नेट उत्तीर्ण करूंगी फिर पीएचडी करना है और उसके बाद टीचिंग करियर की शुरुआत करूंगी। **-निधि तिवारी** (एमएससी फिजिक्स, यश एमएम डिग्रीज)

- वार्ड मेमोरियल विज्ञान गोल्ड मेडल
- राजेन्द्र नाथ सान्याल गोल्ड मेडल
- अजीत कुमार मिश्रा गोल्ड मेडल
- दिलीप शंकर त्रिपाठी गोल्ड मेडल
- सुन्नी लाल साहनी मेमोरियल गोल्ड मेडल
- वार्ड मेमोरियल गोल्ड मेडल
- एडिथ एलिस वली मोहम्मद गोल्ड मेडल

प्रज्ञा यादव (6 पदक, एमएससी)

मेरे पिता विजय प्रताप यादव रीडिंग इंस्पेक्टर हैं। अब आईएस की तैयारी कर रहा हूं। साथ ही मेरा चाई भी आईएस की तैयारी कर रहा है। हालांकि पिता ने कभी कुछ कहा या दबाव नहीं डाला बल्कि पूरी आजादी। **-प्रज्ञा यादव** (एमएससी, यश एमएम डिग्रीज)

- डा. एरन सिंह गोल्ड मेडल
- इकबाल नारायण श्रीवास्तव मेमोरियल गोल्ड मेडल
- माधुरी देवी मेमोरियल गोल्ड मेडल
- स्वामी राम दीनं गोल्ड मेडल
- पंडित देवी सहाय मिश्र गोल्ड मेडल
- गंगा प्रसाद मिश्रा गोल्ड मेडल

प्रियंवदा शुक्ला (8 पदक, नौ)

राजश्री लक्ष्मी- चांसलर गोल्ड मेडल 2022 (एलएलबी ऑनर्स)

विश्वविद्यालय का सबसे प्रतिष्ठित, चांसलर गोल्ड मेडल एलएलबी (पांचवीं) की पढ़ाई पूरी करने वाली राजश्री लक्ष्मी को मिलेगा। इनके पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं और मिर्जापुर में जमीन व्यवसायी हैं। मूलरूप बनारसी की रहने वाली राजश्री का जन्म जम्मू कश्मीर में हुआ। माता-पिता की आदर्श मानने वाली राजश्री ने बताया कि मैं अभी एलएलएम कर रही हूं। पढ़ाई में दीक्षित या किसी मिनिस्ट्री में नौकरी करना चाहती हूं।

उग्रसेन वर्मा- चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस 2022

लखनऊ विवि से एलएलबी ऑनर्स (पांचवीं), एलएलएम, सर्टिफाइड कोर्स इन योग व पीएचडी कर चुके उग्रसेन वर्मा को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस 2022 दिया जाएगा। अम्बेडकरनगर जिले की तहसील अकबरपुर की लखपुर ग्राम सभा के निवासी उग्रसेन के पिता परदारा घटित इंटर कॉलेज के शिक्षक रहे। इन्हें साल 2012 में राष्ट्रपति पुरस्कार भी मिला था। लखनऊ विवि में दाखिला लिया। उग्रसेन वर्मा ने बताया कि मेरा सुपर ब्लड ग्रुप बना इस वजह 12 फरवरी को होने वाले पीसीएस-जे की परीक्षा पर है। मैं उसी में उलीनी होना चाहता हूं।

ऋतिक कुमार सिंह- वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) 2022

लखनऊ विवि के बेचलर इन इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) के अंतिम वर्ष के छात्र ऋतिक कुमार सिंह को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) 2022 के लिए चुना गया है। मैं राजस्थानी के बिकानेर रोड स्थित गीतम सिटी ऑर्डिनी के निवासी हैं। ऋतिक कुमार के पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं इसलिए इनका भी एकमात्र लक्ष्य आर्मी अफसर बन देश सेवा करना है। ऋतिक ने एनसीसी में सर्वे सीआइ हैं कि परिनिर्माण में भी बेस्ट आने बहाना है।

अमृता श्रीवास्तव (9 पदक, एमए एआईएच)

अभी तक जो किया है उससे खाली खुश हूं। पिता अजीत कुमार श्रीवास्तव किसान हैं। माता का निधन वर्ष 2018 में हो गया था। उनका सपना था कि मैं प्रोफेसर बनूं। इनके इस सपने को जरूरी पूरा करूंगी। **-अमृता श्रीवास्त** (एमए एआईएच, नौ पदक डिग्रीज)

प्रियंवदा शुक्ला (8 पदक, नौ)

- बाबू महादेव प्रसाद श्रीवास्तव गोल्ड मेडल
- द्वारिका प्रसाद निगम गोल मेडल
- प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया डा. शंकर दयाल शर्मा गोल्ड मेडल
- पंडित देवी सहाय मिश्र गोल मेडल
- डा. राज कृष्ण मेमोरियल गोल्ड मेडल
- डीपी बोरा मेमोरियल गोल मेडल
- बीके धवन मेमोरियल गोल मेडल
- सुग्गा बीबी गोल्ड मेडल

प्रेसिडेंट प्रोफेसर डा. पूनम टंडन ने सभी को दिया बधाई संदेश

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने घोषित की 188 मेडल की चयन सूची

उग्रसेन को चक्रवर्ती गोल्ड राजश्री को चांसलर मेडल

LUCKNOW (9 Jan): लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में दिए जाने वाले चांसलर गोल्ड, चक्रवर्ती गोल्ड और वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) के सम्मानित किया जाएगा। 188 में से 185 मेडल की प्रस्तावित सूची पर 11 जनवरी तक छात्र-छात्राएं परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बिना सूची में संशोधन नहीं होगा। इस बार भी लॉ विभाग के स्टूडेंट्स ने दो अहम मेडल अपने नाम किए। इनमें चांसलर गोल्ड मेडल एलएलबी ऑनर्स की छात्रा राजश्री लक्ष्मी को दिया जाएगा। वहीं, चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस लॉ से पीएचडी करने वाले उग्रसेन वर्मा को मिलेगा। वहीं, वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) बीए ऑनर्स-अर्थशास्त्र के छात्र ऋतिक कुमार सिंह को दिया जाएगा। पिछली बार भी लॉ विभाग के स्टूडेंट्स ने दो अहम मेडल अपने नाम किए थे।

डिजिलॉकर में अपलोड होगी डिग्री

इस दीक्षांत समारोह में मिलने वाली डिग्री स्टूडेंट्स अपने डिजिलॉकर में भी हासिल कर सकेंगे। इसके लिए विवि प्रशासन को ओर से तैयारी की जा रही है। वहीं, दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पद्म विभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री से सम्मानित के कस्तूरीरंगन होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेश उपाध्याय शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी।

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने दीक्षा समारोह में दिए जाने वाले मेडल की सूची जारी की

बाल संरक्षण पर है ध्यान

चांसलर गोल्ड मेडल के लिए फाइनल राउंड में पहुंचे सभी विद्यार्थियों को एडवोकेट जनरल बनने की इच्छा है। इसके अलावा आइआइएमसी मानेसर में कम्युनिटी, राइट एंड जस्टिस विषय पढ़ने की इच्छा है। इसके अलावा आइआइएमसी मानेसर में कम्युनिटी, राइट एंड जस्टिस विषय पढ़ने की इच्छा है। एक ने बताया कि वह बाल संरक्षण के क्षेत्र में काम करना चाहती हैं